भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *250

जिसका उत्तर दिनांक 20.12.2023 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण

***250. श्री कनकमल कटारा :**

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में निर्माणाधीन 2800 मेगावाट के परमाणु विद्युत संयंत्र की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) उक्त परमाणु विद्युत संयंत्र के निर्माण के लिए जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) व (ख) सदन के पटल पर विवरण प्रस्तुत है।

*****

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

"परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण" के संबंध में श्री कनकमल कटारा द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *250, जिसका उत्तर दिनांक 20.12.2023 को दिया जाना है, के संदर्भ में विवरण।

(क) वर्तमान में, माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना (4 X 700 मेगावाट) में परियोजना-पूर्व गतिविधियां प्रगति पर हैं। परियोजना के लिए भूमि का अधिग्रहण किया गया है और विभिन्न स्थलों की जांच शुरू की गई है। पुनर्स्थापन व पुनर्वास (आर & आर) अवार्ड की घोषणा की गई है और एनपीसीआईएल द्वारा राज्य प्राधिकरणों के पास राशि जमा कर दी गई है। पुनर्स्थापन व पुनर्वास (आर & आर) बस्ती का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरणीय अनुमति और परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद (एईआरबी) से स्थल चयन सहमति प्राप्त करने संबंधी विभिन्न गतिविधियां प्रगति पर हैं। दीर्घकाल के लिए सुपुर्द किए जाने वाले उपकरणों का प्रापण भी शुरू किया गया है।

(ख) नवंबर 2023 तक परियोजना पर संचयी व्यय रुपए 636 करोड़ है।

*****